D (Printed Pages 4)

(21223) Roll No. ....

B.A. LL.B.-III Sem.

NS-3401

B.A. LL.B. Examination, Dec.-2023

हिन्दी-I

(भाषा और साहित्य)

(BL-3002)

(New Course)

Time : Three Hours] *[Maximum Marks : 100*

नोट : सभी खण्डों को निर्देशानुसार प्रश्न हल कीजिये।

खण्ड-अ

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। उत्तर अधिकतम 75 शब्दों में अपेक्षित है।

1. 'साहित्य हृदय की सहज अनुभूति की सफलतम अभिव्यक्ति है', स्पष्ट कीजिए। 4

P.T.O.

2. हिन्दी साहित्य के उत्तर मध्य काल मे रचित साहित्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइये। 4

3. निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम शब्द लिखिए। 4

   सच, काम, सूरज, गाँव

4. निम्नलिखित शब्दो के 2-2 पर्यायवाची शब्द लिखिए। 4

   जल, पक्षी, चन्द्रमा, यमुना

5. निम्नलिखित वाक्यांशो के लिए एक शब्द लिखिए 4

   जिसे क्षमा न किया जा सके

   धन का दुरूपयोग करने वाला

   जो पहले न पढ़ा हो

   जिस पर मुकदमा चल रहा हो

खण्ड-ब

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों मे से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। उत्तर अधिकतम 200 मे अपेक्षित है।

6. 'अर्थ गाम्भीर्य की दृष्टि से कबीर की साखियाँ बेजोड़ हैं', स्पष्ट कीजिए। 10

7. तुलसी का 'मानस' क्षेत्रीय रचना न होकर सार्वदेशिक रचना है, स्पष्ट कीजिए। 10

8. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। 10

अनिवार्य, राजा, कनिष्ठ, नूतन, न्याय, तीव्र, खल, जड़, ईर्ष्या, स्वार्थ।

खण्ड-स

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

9. ब्रज भाषा के क्षेत्र और साहित्य पर विस्तार पूर्वक विचार व्यक्त कीजिए। 20

10. 'ध्रुवस्वामिनी' का नायक कौन है और क्यों? स्पष्ट कीजिए। 20

11. 'मसि कागद छूयौ नहीं', फिर भी कबीर के साहित्य की उपादेयता है, क्यों? स्पष्ट कीजिए। 20

P.T.O.

12. 'मानस' हमारे आदर्श सामाजिक सम्बंधों का शीशमहल है, स्पष्ट कीजिए। 20

13. विश्व-पटल पर वर्तमान में हिन्दी की स्थिति पर विस्तार पूर्वक विचार व्यक्त कीजिए। 20